तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार, 16 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 लॉ छात्रों को बांट दिए गलत प्रश्नपत्र, प्रबंधन ने...



14 हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से...



## 18 से खुलेंगे स्कूल, पहले दिन मनेगा प्रवेश उत्सव, न्योता भोज में मिलेंगे विविध व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला

विकासखण्ड एवं बीआरसी बेरला के अन्तर्गत आने वाले शाला के खुलने के पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुदृढ कर लिए जाएं। इस संबंध में बीईटो एवं बीआरसी ने प्रधानपाठकों को निर्देश दिए हैं। इसे लेकर 13 एवं 14 जून को को दो-दो पालियों में बैठक ली गई। पहली बैठक 13 जून को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं दूसरी बैठक 14 को बीआरसी बेरला में सरदा, भिंभौरी, बेरला जोन के समस्त पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों की एक आवश्यक बैठक ली गई। उक्त मीटिंग विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड समन्वयक बेरला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

■ कहा- स्कूल खुलने के पहले पूरी कर लें सभी व्यवस्थाएं

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी करमाकर के माध्यम से समस्त प्रधान पाठक को निर्देशित एवं जानकारी प्रदान की गई कि 18 जून को प्रत्येक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाए। इसके साथ-साथ राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत न्योता भोज के आयोजन करने की आवश्यक समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठकों को ग्रामीण नागरिकों के सहयोग से न्योता भोज के आयोजित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। इस पर सभी प्रधान पाठकों ने 18 जून ▸▸ शेष पेज 12 पर

### बीईओ व बीआरसी ने प्रधानपाठकों की बैठक में दिए दिशानिर्देश

#### सर्वांगीण गुणवत्ता पर पर विशेष जोर

बैठक के दौरान विभागीय विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी समस्त प्रधान पाठक को अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस वर्ष राज्य शासन की मंशा अनुरूप 2024 - 25 को सर्वांगीण गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए हमें विशेष प्रकार से विद्यालय एवं विद्यालय बच्चों की गुणवत्ता पर फोकस करने के लिए ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है। इस पर विशेष जोर दिया गया साथ ही साथ जाति प्रमाण पत्र, शिक्षकों की समय पर उपस्थित, शाला कैलेंडर, शिक्षक दैनदीनी, इत्यादि पर विशेष प्रकार से प्रधान पाठक को अवगत कराते हुए बीआरसी खोमलाल साहू द्वारा समस्त प्रधान पाठक को शिक्षा सत्र 24-25 में समस्त बच्चों के लिए प्राप्त होने वाले अभ्यास पुस्तिका के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। पाठ्य पुस्तक के साथ ही अभ्यास पुस्तिका का भी नियमित उपयोग करने एवं बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया।



समस्त प्रधान पाठक को शाला कैलेंडर, शिक्षक दर्पण, विभिन्न पंजों का संधारण एवं कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के लिए एक प्लानिंग करने को कहा गया। उक्त प्रधान पाठक मीटिंग में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी उइके एवं ठाकुर के माध्यम से प्रधान पाठक को विभिन्न निर्देश प्रदान किए गए। जिसमें विकासखंड बेरला के 140 प्राथमिक विद्यालय एवं 83 माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप



### दूसरी बार सांसद बनने के बाद पहली बार बेमेतरा पहुंचे विजय

**बेमेतरा।** लोकसभा चुनाव में दूसरी बार ऐतिहासिक जीत के बाद सांसद विजय बघेल पहली बार बेमेतरा पहुंचे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल नागाड़े के साथ फटाके फोड़कर, गजहार पहनाकर, लड्डू से तौलकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल लोकसभा चुनाव मे भरपूर आशीर्वाद दिए इसके लिए सांसद बघेल ने क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, दुर्ग लोकसभा के संयोजक प्रीत पाल सिँह बेलचंद, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, अनिल महेशवरी, पार्षद नीलू राजपूत, राजेश दीवान, मोंटी साहू, परमेश्वर साहू, रेवाराम निषाद, निखिल साहू, धर्मेंद्र साहू, ओमकार साहू, गोपी देवांगन, लक्ष्मीनारायण यादव, ईश्वर साहू, राहुल साहू, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत पतोरा में योग शिविर कल से

**बेरला।** ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पतोरा में योग शिविर का आयोजन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर संचालनालय आयुष के दिशानिर्देश के अनुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी बेमेतरा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय टकसींवा के तत्वावधान में ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत पतोरा में 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि योग शिविर का प्रशिक्षण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतोरा में किया जायेगा। उक्त शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर टकसींवा के योगाचार्य सूर्यकिरण साहू द्वारा योगाभ्यास करवाया जायेगा। शिविर में रोगानुसार विभिन्न आसनों का प्रयोग बताया जाएगा। इस शिविर में सम्मिलित होकर योग प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति प्रदान करे। इस योग शिविर की लाभ उठाने की अपील की।

### नाली निर्माण में लेटलतीफी और लापरवाही

**मारो।** नगर पंचायत मारो वार्ड नं 8 में विगत कई महीनों से नाली निर्माण का काम चल रहा है वो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। वार्ड नंबर 8 से दोहतरा तिभनपुर बदरा और अन्य कई गांव से आने-जाने वालों को समस्या हो रही है। नाली निर्माण के दौरान पानी की तराई नहीं की जा रही है। वहीं, कई निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण आने-जाने वालों को बहुत परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटना का भी खतरा बढ़ गया है।

### पीजी कॉलेज बेमेतरा में पांच दिवसीय योग शिविर कल से

**बेमेतरा।** दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बेमेतरा के मार्गदर्शन में आयुष योगा एंड वैलनेस सेंटर बेमेतरा द्वारा 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन साइंस पीजी कॉलेज मैदान बेमेतरा में किया जा रहा है।शिविर प्रातः 6 से 8 बजे तक रखा गया है। योग शिविर में समस्त नगरवासियों से शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## बारिश : कचरों से पटी नालियों से जल निकासी बाधित, गंदगी के साथ सड़कों पर भरा पानी

# पहली बारिश में ही कई जगह सड़कें लबालब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़

गर्मी से परेशान लोगों को शनिवार की बारिश से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन एक घंटा की बारिश ने शहर में जल निकासी की व्यवस्था की पोल खोल दी। खासकर नवागढ़ नगर पंचायत की ओर से बारिश के पूर्व ठोस इंतजाम नहीं किए जाने की वजह से लापरवाही सामने आई। कई जगहों पर नाले अवरूद्ध हो गए और गंदा पानी सड़कों पर जमा रहने से आवागमन में लोगों को परेशानियां हुई। कई मोहल्लों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। नगर पंचायत की ओर से कुछ दिन पहले नालियों की सफाई कराई गई थी, लेकिन कचरे को वहीं पर किनारे रख दिया गया गया था। पहली बारिश में ही वह कचरे फिर से नालों में चले गए और उनका पानी गंदगी को लेकर सड़क पर आ गया। वहीं, इस बारिश ने निगम द्वारा सफाई को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खोल कर रख दी है। इससे यह भी तय है कि यदि समय रहते सफाई को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो आगामी बारिश के दिनों में जल जमाव की समस्या और बढ़ेगी। पहली बारिश के बाद जो स्थिति शहर की बनी उसे देखकर लोगों ने तो यह कहना शुरू कर दिया कि 'ये तो लापरवाही की पोल खुली है'।

■ नालों की सफाई व्यवस्था के दावों की पोल खुली





#### कई क्षेत्रों में जल जमाव की स्थिति

कुछ घंटों की बारिश से ही शहर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई है। शहर के सुकूल पारा, शंकर नगर, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बीच पारा जैसे क्षेत्रों में जलभराव देखा जा रहा है। जहां लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही थी।

#### सफाई के बाद भी नाले जाम

मानसून के पहले हर वर्ष नगर पंचायत शहर के प्रमुख नालों की सफाई का दावा करता है। सफाई पर लाखों खर्च भी किए जाते हैं। लेकिन, मानसून की पहली बरसात में ही नाले जाम हो रहे हैं। शहर के वार्डों में सड़क पर कीचड़ और गंदगी से लोगों का गुजरना भी दूभर है। रास्ते और घरों की नालियां चोक होने से पानी की निकासी बंद हो गई है। चारों तरफ पानी जमा होने से तालाब बन गया है। दुर्गंध की वजह से जीना मुहाल है और संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है।

#### मानसून की शुरुआत

क्षेत्र में मानसून के आगमन की बात हो रही थी। शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने मानसून के आगमन के संकेत दिए हैं। इससे किसान जरूर उत्साहित हैं। ठीक समय पर बारिश से इस वर्ष फसल की पैदावार अच्छी हो सकती है। तेज बारिश होने से किसान खुश दिखाई दिए, किसानों को लाभ जरूर लाभ मिलेगा।



#### तापमान में गिरावट

शनिवार को हुई बारिश से दिन का मौसम सुहाना हो गया, तो वहीं रात में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान होते रहे। नवागढ़ का अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस था। दोपहर के बाद से बदले मौसम के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लोगों को लू वाली गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

## अंचल में लकड़ी का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ साजा

अंचल में हो रही अवैध लकड़ी कटाई के साथ परिवहन का सबसे आसान रास्ता साजा क्षेत्र हो गया है। शुक्रवार की रात मुखबिर की सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे मेटाडोर सीजी 04 जेडी 7457 को घेराबंदी कर ग्राम बरगडा के पास पकड़ा। प्रतिदिन हो रही लकड़ी तस्करी की दर्जनों गाड़ियां शहर से बेखौफ पार हो रही थीं, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।इसे लेकर ग्रामीणों ने विधायक से भी शिकायत की थी इसके बाद आज प्रशासन हरकत में आया और उक्त वाहन पर कार्रवाई कर लकड़ी डिपो में जब्त कर रखा गया।

जानकार सूत्रों की माने तो शाम होते ही अवैध लकड़ी की गाड़ियां सड़कों पर दौड़ने लगते हैं लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। यह खेल कई वर्षों से चला रहा है। तस्करों की पहुंच इतनी ऊंची है कि सरकार किसी की हो, इन पर कार्रवाई करने से अफसर घबराते हैं।

## नए शिक्षा सत्र की तैयारियों को लेकर शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में शाला प्रबंधन समिति की विशेष बैठक रखी गई। बैठक में ग्राम प्रमुख, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक, शिक्षक, स्कूल कर्मचारी, मध्यान्ह भोजन संचालक आदि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नये सत्र में शाला संबंधित मुख्य बिंदुओं पर पर चर्चा करना था। बैठक की चर्चा में शाला प्रवेश उत्सव, वृक्षारोपण, नेवता भोजन, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति, पेयजल आपूर्ति, शाला एवं शाला परिसर स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन संचालन, शिक्षकों की उपस्थिति, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण आदि प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस बैठक में ग्राम सरपंच ओमप्रकाश कश्यप, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगाराम कश्यप, संकुल समन्वयक ठाकुर राम साहू, प्रधान पाठक पंचराम साहू, शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, दीपक निर्मलकर, शिक्षिका उषा पाटकर, मध्यान्ह भोजन संचालक मोहित कश्यप, शाला कर्मचारी अनल सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।



## विधानसभा में घोषणा के 11 माह बाद भी नहीं मिल रहा वेतन वृध्दि का लाभ

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को अभी तक 27 फीसदी वेतन वृद्धि प्राप्त नहीं हुई है। ज्ञात हो कि जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान सभी विभाग के संविदा कर्मचारियों को 350 करोड़ रूपया 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि के लिए प्रदान किया गया था जो आज तक स्वास्थ्य विभाग के उक्त कर्मचारियों को अप्राप्त है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी जी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को एक बार फिर 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे सहित 18 बिंदु ज्ञापन के बाबत मुख्यमंत्री द्वारा महानदी भवन में आयोजित बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री से भेंट की। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को भी ज्ञापन देकर कार्यवाही की अपील की गई। उन्हें बताया गया कि, पूर्व में भी इस बाबत निवेदन किया गया था जिसका निराकरण नहीं हुआ है । प्रतिनिधि मंडल के द्वारा बताया गया कि एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री जी ने दिया है ।



कर्मचारियों द्वारा 27 प्रतिशत वेतन नहीं मिलने के कारण उनमें आक्रोश है। आगामी दिनों में बड़ा आंदोलन भी हो सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उनके स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात बहुत सकारात्मक ▸▸ शेष पेज 12 पर

## लोगों को जलसंरक्षण के लिए प्रेरित करने 24 जून तक चलाया जाएगा अभियान

# सोकपिट निर्माण व नाली सफाई अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में नाली की सफाई, सामुदायिक सोकपिट की सफाई व नवीन व्यक्तिगत सोकपिट का निर्माण अभियान 15 से 24 जून तक 10 दिवस तक चलाया जा रहा है। इसकी शुरुआत शनिवा 15 जून से कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुई। अभियान के दौरान लोगों को प्रेरित किया जा रहा है कि घरेलु स्तर पर किचन, स्नानागार तथा सेप्टिक टैंक से निकलने वाले जल को खुले में छोड़ने के बजाय एक सोकपिट बनाकर उसमें अवशोषित कराया जाय। इससे पर्यावरण भी सुरक्षित होगा और वाटर रिचार्ज भी होगा। ग्रामिणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए ग्रामों में वॉल पेंटिंग एवं नारा लेखन भी किया जा रहा है।





इस अभियान में व्यक्तिगत सोकपिट निर्माण, नालियों एवं सोकपिट की सफाई, सामुदायिक सोकपिट की सफाई व नवीन व्यक्तिगत सोकपिट का निर्माण विभिन्न ग्रामों में प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इस अभियान में जिलेवासियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व श्रमदान कर अपने गांव मुहल्लों, नालियों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थानों की सफाई करने की अपील किए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा आज ग्राम देवरी और बावनलाख के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम देवरी एवं बारगांव में समुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया एवं ग्राम पंचायत सरपंच सचिवों को निर्देशित किए कि लोगों को उपयोग के लिए सामुदायिक शौचालय नियमित रुप से संचालित करें।

### धोबी समाज का रजक महोत्सव 20 को

**अंडा।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज रायगढ़ जिले का महाधिवेशन रजक महोत्सव 20 जून को इडन गार्डेन बोईर दादर चौक रायगढ़ में होगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ष्णु देव साय कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं। समाज प्रमुखों से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम 9 जून को प्रस्तावित था, परंतु प्रधानमंत्री सहित मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के कारण उक्त तिथि को 20 जून को निर्धारित हुआ। इस आयोजन में विवाह योग्य बेटा बेटी अपना परिचय दे सकेंगे और मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। इसी प्रकार क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया, एवं पदम श्री समाज गौरव राम लाल बरेठ का अभिनंदन किया जाएगा। महाधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर रायपुर करेंगे। समारोह प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। दूर से आने वाले समाज के लोग 19 जून को ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएंगे, जिनके भोजन व रूकने की व्यवस्था की गई है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# शिक्षा को लगी नजर उतारने नीबू-मिर्च संग गंगाजल लेकर पहुंचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला शिक्षा कार्यालय में शुक्रवार को एनएसयूआई ने जमकर हंगामा किया। इसके पूर्व बीते सप्ताह भी छात्रों द्वारा यहां धरना-प्रदर्शन किया गया था। छात्र संगठन द्वारा बगैर मान्यता संचालित हो रहे स्कूलों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

छात्रों ने यहां गंगाजल से परिसर का शुद्धिकरण किया और शिक्षा व्यवस्था को लगी नजर उतारकर नीबू-मिर्च लगाया। एनएसयूआई का आरोप है कि जिले में कई ऐसे स्कूल हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। इसके बाद भी उनका संचालन हो रहा है। यहां नए सत्र में छात्रों को प्रवेश भी दिया जा रहा है। इस पर भी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किसी तरह की रोक नहीं लगाई जा सकी है।

- जिला शिक्षा कार्यालय में एनएसयूआई का हंगामा
- बगैर मान्यता शाला संचालन को लेकर जताया रोष





### खुद करेंगे तालाबंदी

छात्रनेताओं ने कहा, अगर स्कूल खुलने तक ऐसे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो एनएसयूआई ऐसे स्कूलों पर तालाबंदी करेगी। एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल सहित कुणाल दुबे, मोनू तिवारी, पुनेश्वर लहरे, अनुज शुक्ला, गावेश साहू सहित अन्य छात्र व एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे।

### थमा रहे रिमाइंडर

प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने कि उनके द्वारा लगातार डीईओ से मिलकर समस्याएं रखी जा रही हैं, लेकिन डीईओ विजय खंडेलवाल द्वारा सिर्फ रिमाइंडर दिया जा रहा है। किसी तरह की कोई कार्रवाई ना होने का आरोप छात्रों द्वारा लगाया गया है। छात्रों ने गैर मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों को 18 जून तक बंद करने अथवा उन्हें रेगुलाइज्ड करते हुए मान्यता संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग की है।

## जिले में चिटफंड कंपनियों की संपत्ति नीलामी करने की तैयारी में फिर जुटा प्रशासन

# 10 अरब से ज्यादा की ठगी, जब्त संपत्ति की नीलामी कर निवेशकों को अब तक साढ़े पांच करोड़ ही लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिटफंड कंपनियों के शिकार हुए निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। आचार संहिता हटने के बाद जिला प्रशासन ने निवेशकों के डूबे पैसे वापस दिलाने के लिए फिर से प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत चिटफंड कंपनियों की कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी की जाएगी, जिससे प्राप्त होने वाली राशि को निवेशकों को लौटाया जाएगा।

रायपुर जिले में 40 से अधिक चिटफंड कंपनियों ने लगभग 30 हजार से ज्यादा निवेशकों से 10 अरब 32 करोड़ से अधिक की ठगी की थी। इसमें दूसरे जिलों के निवेशक भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। ठगी की गई राशि की तुलना में प्रशासन अब तक चिटफंड कंपनियों के डायरेक्टरों की संपत्ति का पता लगाकर उनकी नीलामी कराकर लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए की राशि ही लौटा पाया है।


रायपुर जिले में पहले विधानसभा चुनाव के कारण और उसके बाद लोकसभा चुनाव के कारण चिटफंड कंपनियों की कुर्क हुई संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया भी अटक गई थी। लोकसभा चुनाव के लिए लागू आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रशासन ने अब चिटफंड कंपनियों के निवेशकों की सुध लेते हुए फिर से कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत जिले में अब तक कुर्क की गई संपत्ति, नीलामी की स्थिति से लेकर निवेशकों के प्राप्त आवेदनों की पूरी जानकारी की डंप पड़ी फाइलों को पुनः खोला जा रहा है। इन फाइलों के अनुसार उन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी।

### इन कंपनियों की प्रापर्टी बेचकर निवेशकों को लौटाई राशि

*प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार गोल्ड की इंफ्रावेंचर लिमिटेड एवं बे सिड बेनीफिट लिमिटेड की संपत्ति की नीलामी से 81 लाख, निर्मल इंफ्रा होम कार्पोरेशन लिमिटेड की प्रॉपर्टी की नीलामी से 51.51 लाख, आरोग्य धन वर्षा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की संपत्ति नीलामी से 11.85 लाख, शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ति नीलामी से 2 करोड़ 12 लाख तथा देवयानी प्रापर्टी लिमिटेड की संपत्ति से 4 करोड़ 14 लाख रुपए प्राप्त हुए थे। इनमें से लगभग साढ़े करोड़ रुपये की राशि निवेशकों को बांटी जा चुकी है।*

### एक प्रकरण में ईडी की एंट्री से नीलामी पर लगी रोक

चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की अभनपुर ब्लॉक के ग्राम खिलौरा में 14.620 हेक्टेयर भूमि का प्रशासन ने बताया लगाया था। इस भूमि को कुर्क करने के बाद नीलामी होनी थी, जिससे लगभग 9 करोड़ रुपये प्राप्त होना था, लेकिन इस मामले में ओडिशा ईडी की एंट्री के बाद इसकी नीलामी पर रोक लग गई। ईडी से प्रशासन को पत्र भेजा गया था, जिसमें इसकी जांच का हवाला देते हुए नीलामी पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था।



### संपत्ति नीलामी की प्रक्रिया शुरू

कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलों में चिटफंड कंपनियों की कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी कराने की तैयारी की जा रही है। जल्द ही तय संपत्तियों की नीलामी के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

- **कीर्तिमान सिंह राठौर,** अपर कलेक्टर रायपुर

### दो कंपनियों की नीलामी पर स्टे

अधिकारियों के अनुसार एचबीएन डेयरीज एंड एलाइड लिमिटेड की संपत्ति की नीलामी पूरी कर ली गई है। इस कंपनी की संपत्ति 10 करोड़ 30 लाख रुपए में नीलाम हुई है, परंतु कंपनी ने एनसीएलटी से नीलामी के विरुद्ध स्थगन प्राप्त कर लिया है। इसी प्रकार किम इंफ्रा डेवलपर्स लिमिटेड और नेक्टर कमर्शियल एस्टेट लिमिटेड कंपनी की संपत्ति भी 1 करोड़ 54 लाख 40 हजार रुपए में नीलाम की जा चुकी है। कंपनी ने इसके विरुद्ध बिलासपुर उच्च न्यायालय से स्टे लिया हुआ है।

### कलेक्टर ने की समीक्षा, नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दिए निर्देश

कलेक्टर की अध्यक्षता में कुछ दिनों पहले बैठक हुई थी। इसमें चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को डूबे पैसे लौटाने तथा संपत्तियों की नीलामी की समीक्षा की गई थी। बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी जल्द से जल्द की जाए, ताकि निवेशकों को डूबे पैसे लौटाए जाएं।

### 11 हजार से अधिक निवेशकों को लौटाई गई है राशि

प्रशासन ने अब तक चिटफंड कंपनियों के 11 हजार से अधिक निवेशकों को लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये की राशि लौटाई है। यह राशि प्रत्येक निवेशक के कुल डूबे पैसे में से 20-20 प्रतिशत लौटाई गई है। यानी अगर किसी निवेशक ने एक लाख रुपये निवेश किया है, तो उसका 20 प्रतिशत यानी 20 हजार रुपये उसे लौटाया गया है। हालांकि जिले में 30 हजार से अधिक निवेशकों से ठगी की गई है। इनमें दूसरे जिले के निवेशक भी शामिल हैं। जिले में धमतरी, दुर्ग सहित अन्य जिले की चिटफंड कंपनियों के डायरेक्टरों की संपत्ति भी कुर्क की है। इन संपत्तियों की नीलामी से प्राप्त राशि को उन जिलों के निवेशकों को वितरण करने के लिए भेजा जा चुका है।

### लगभग 6 प्रकरण कोर्ट में लंबित

कोर्ट में भी चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों से संबंधित लगभग 6 प्रकरण लंबित हैं। इन प्रकरणों में डायरेक्टरों की संपत्तियों की नीलामी होनी है, लेकिन कोर्ट में मामले लंबित होने के कारण इन संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया भी अटकी हुई है। प्रशासन को भी कोर्ट में चल रहे प्रकरणों में भी जल्द से जल्द फैसला आने का इंतजार है, ताकि संपत्तियों की नीलामी कराकर उनके डूबे पैसे निवेशकों को लौटाए जा सकें।

# कार्य में लापरवाही पर बिजली विभाग कुनकुरी के एई और जेई निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने काम में लापरवाही करने वालों पर गाज गिराने का क्रम प्रारंभ कर दिया है। कुछ दिनों पहले ही पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने अधिकारियों की बैठक में काम में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने की बात की थी, अब इस पर अमल प्रारंभ हो गया है।

कुनकुरी शहर में विद्युत सुधार संबंधी कार्यों में लापरवाही बरतने के लिए कुनकुरी में पदस्थ सहायक यंत्री आरआर साहू तथा कनिष्ठ यंत्री दिनेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता अंबिकापुर शिरीष सेलट द्वारा जारी आदेशानुसार के मुताबिक कार्यपालन यंत्री (संचालन-संचारण) संभाग जशपुर, अधीनस्थ कार्यालय सहायक यंत्री उपसंभाग कुनकुरी में पदस्थ आरआर साहू सहायक यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वृत्त बैकुंठपुर निर्धारित किया गया है। इसी तरह अधीक्षण यंत्री अंबिकापुर आर.के मिश्रा द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण) संभाग जशपुर अधीनस्थ कार्यालय कनिष्ठ यंत्री वितरण केंद्र कुनकुरी में पदस्थ दिनेश कनिष्ठ यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण), संभाग बलरामपुर निर्धारित किया गया है।

# पचास फीसदी डाक्टरों के भरोसे चल रहा कामकाज मेकाहारा में छुट्टी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- मेडिकल कालेज में ग्रीष्मकालीन अवकाश का अंतिम दौर

आंबेडकर अस्पताल में आने वाले सामान्य और रूटीन तरीके के ऑपरेशन अभी टाले जा रहे हैं। इसकी वजह विभिन्न विभागों में पचास फीसदी डाक्टरों की उपस्थिति है। मेडिकल कालेज में ग्रीष्मकालीन अवकाश का अंतिम दौर चल रहा है और चिकित्सा शिक्षकों की छुट्टी पर आवाजाही का दौर जारी है।

शासकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सा शिक्षकों को हर साल गर्मी के मौसम में मई और जून में समर वेकेशन दिया जाता है। इस दौरान विभिन्न विभाग के डाक्टर अपने सामंजस्य के साथ अवकाश का लाभ लेते हैं। अब जून का दूसरा पखवाड़ा शुरू हो गया है, जिसकी वजह से अवकाश का अंतिम दौर है और चिकित्सा शिक्षकों का अंतिम लॉट अवकाश पर जाने की तैयारी में है। वर्तमान में मेडिकल कालेज की डीन सहित कई विभागाध्यक्ष गर्मी की छुट्टी का मजा ले रहे हैं। मेडिकल कालेज में चल रही छुट्टियों का असर आंबेडकर अस्पताल की उपचार व्यवस्था पर भी हुआ है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में अभी गंभीर स्थिति वाले मरीजों का इलाज किया जा रहा है और रूटीन तथा पुरानी बीमारियों के लिए की जाने वाली सर्जरी के लिए जून के बाद की तारीख दी जा रही है। मई की शुरुआत में आचार संहिता के संशय में चिकित्सा शिक्षकों को अवकाश प्रदान नहीं किया जा रहा था। इस बीच मेडिकल टीचर्स एसोसिशन के प्रतिनिधियों ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर छुट्टी की मांग की थी। शासन ने उनका अवकाश मंजूर करने पर सहमति दे दी थी, जिसके बाद कालेज और अस्पताल में छुट्टियों का दौर शुरू हो गया है।

# सीबीआई ने लिए दस्तावेज उत्तरपुस्तिकाओं की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पीएससी भर्ती घोटाला, इंटरव्यू में शामिल पैनलिस्ट से भी हो सकती है पूछताछ

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों की जांच सीबीआई ने प्रारंभ कर दी है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई द्वारा परीक्षा से संबंधित दस्तावेज लिए गए हैं। अब सीबीआई इसकी जांच करेगी। जिन अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर पीएससी परीक्षा के माध्यम से हुआ है, उनकी उत्तरपुस्तिका भी जांची जाएगी। छात्रों द्वारा लिखे गए उत्तर सही तथा मानकों के अनुसार हैं अथवा उन्हें पूर्व नियोजित रूप से अंक दिए गए हैं, इसकी जांच होगी। चयनित परीक्षार्थियों की प्रारंभिक और मुख्य दोनों ही परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं मांगी गई हैं।

इसके अलावा इंटरव्यू लेने वाले पैनलिस्ट से भी बातचीत की बात सामने आ रही है। उनसे यह पूछा जाएगा कि उनके द्वारा दिए गए अंकों से छेड़छाड़ की गई है अथवा जो अंक उनके द्वारा अभ्यर्थियों को दिए गए थे, वे ही अंक उन्हें अंतिम नतीजों में प्रदान किए गए हैं। चयनित कैंडिडेट्स के फोन रिकॉर्ड भी खंगाले जाएंगे, ताकि लेन-देन संबंधी आरोपों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सके।

### मुख्य सेवा परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

इन सब विवादों के बीच लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा-2023 के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। इन परीक्षाओं का आयोजन 24 से 27 मई तक किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों सहित अन्य दिशा-निर्देश भी इसके साथ ही अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# समय पर भुगतान नहीं करने वालों पर स्टेट जीएसटी सख्त

**रायपुर।** राज्य में पिछले कुछ वर्षों में जिलों मे डीएमएफ मद से बड़ी संख्या मे निर्माण कार्य के लिए सामग्री क्रय की गई है, लेकिन जितना व्यय शासन द्वारा किया गया है, उस अनुपात में शासन को जीएसटी नहीं मिला है। स्टेट जीएसटी में गठित किए गए बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा एआई आधारित आईटी टूल्स का प्रयोग कर ऐसे व्यवसायियों का एनॉलिसिस किया जा रहा है, जिनके द्वारा शासकीय सप्लाई तो की गई है, पर जीएसटी का भुगतान नहीं किया गया है।

केशकाल के भारत इन्फ्रा के व्यवसायी के प्रकरण में 91 लाख रुपए और रायपुर के श्री कृष्ण इंटरप्राइजेस में 2.5 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी गई, इसमें 1.75 करोड़ रुपए टैक्स विभाग ने वसूल लिए हैं। एक और मामला हार्टीकल्चर विभाग मे भी पकड़ा गया, जिसमें शेड नेट सप्लाई करने वाली कंपनी किसान एग्रोटेक को विभाग ने नोटिस दिया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी व्यापारियों से अपील की है कि वे ईमानदारी से अपने टैक्स का भुगतान करें।

# बलौदाबाजार हिंसक घटना के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कुछ शरारती तत्वों ने घुसकर घटना को अंजाम दिया
- समाज की अपील- सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न डालें

सतनामी समाज के प्रबुद्धजनों ने महाराष्ट्र मण्डल में पत्रकारवार्ता कर बलौदाबाजार जिले में 10 जून को घटित हिंसक घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सतनामी समाज के बसंत अंचल, एसएम निराला, सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक बंशीलाल कुर्रे, पूर्व न्यायाधीश अग्रलाल जोशी आदि ने पत्रकारवार्ता में कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। बलौदाबाजार में हुई घटना निंदनीय है। समाज भी इससे आहत है। यहां सतनामी समाज के लोग अपनी मांगों को लेकर इकठ्ठे हुए थे, लेकिन इसी दौरान कुछ शरारती तत्वों ने घुसकर घटना को अंजाम दिया। इस तरह की घटनाओं से किसी का हित नहीं होता, न्याय प्रभावित होता है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि वे धैर्य और शांति के साथ काम लें। सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट न करें और शासन-प्रशासन से समन्वय बिठाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# नितेश ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव से की मुलाकात



**बेरला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला सह प्रभारी नितेश सोनी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव से भेंट मुलाकात की। उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर लोकसभा चुनाव में भाजपा की परचम लहराने पर ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। वहीं, भाजयुमो नेता नितेश सोनी ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने विधानसभा हो या लोकसभा दोनों की चुनाव में भाजयुमो के कार्यों को सराहा व कहा आगे नगरीय निकाय चुनाव में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को भरपूर ऊर्जा से कार्य व मेहनत करके पुनः भाजपा का परचम लहराना है, ताकि ट्रिपल इंजन की सरकार बने और जिस तरह केन्द्र में राज्य में विकास के नये कीर्तिमान लिख रहे हैं। नगर में भी विकास की नयी गाथा लिखें। मुलाकात के दौरान अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

झलमला-गुरुर मुख्य मार्ग पर ग्राम सांकरा (क) में तीन वाहनों की भिड़ंत

# हाईवा की टक्कर से ट्रक की चपेट में आई मोटर साइकिल, उड़े परखच्चे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

झलमला गुरुर मुख्य मार्ग 930पर स्थित ग्राम सांकरा (क) में शनिवार शाम लगभग 4 बजे तीन वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। यह सड़क दुर्घटना ट्रक, हाइवा और मोटर सायकल के बीच हुई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

रेत से भरे हाईवा ने पहले ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी फिर ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। इस हादसे में किसी को जानमाल की नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार हाइवा वाहन क्रमांक सी जी 08 ए सी 3090ओवर लोड रेत भरकर धमतरी से बालोद की ओर तेज रफ्तार में जा रहा था। इसी बीच सांकरा के ड्राइवर द्वारा खाली ट्रक वाहन क्रमांक 7304 को साइड लगाने के लिए ले मुख्य सड़क से पार कर रहा था जो लगभग मुख्य सड़क से पार होने ही वाला था, तभी अनियंत्रित हाइवा ने उसे पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। वहीं, ट्रक की चपेट में सड़क किनारे खड़ा किया गया मोटर सायकल वाहन क्रमांक सी जी 24 जे 6708 भी आ गया, जिससे उसके परखचे उड़ गए।

## खबर संक्षेप

### सप्रे जयंती पर वरिष्ठ पत्रकार गिरिजाशंकर का सम्मान 19 को



**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में पं. माधवराव सप्रे जयंती समारोह 19 जून को शाम 5 बजे आयोजित है। इस मौके पर भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार गिरिजाशंकर का छत्तीसगढ़ मित्र पं. माधवराव सप्रे साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान से अभिनंदन किया जाएगा। पं. माधवराव सप्रे शोध संस्थान के सचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि गिरिजाशंकर का 'हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता' पर व्याख्यान भी होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ मित्र पत्रिका के संपादक डॉ. सुशील त्रिवेदी करेंगे। विशिष्ट अतिथि महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले और प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर होंगे। छत्तीसगढ़ साहित्यिक एवं संस्कृति संस्थान, महाराष्ट्र मंडल रायपुर और छत्तीसगढ़ मित्र के संयुक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ मित्र पत्रिका के जून 2024 अंक का विमोचन भी किया जाएगा।

### बीजिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करने मनन का चयन

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड चयन सेमिनार के समापन अवसर पर बीजिंग चीन में आईईएसओ-2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए छत्तीसगढ़ रायपुर के मनन सेठिया का चयन किया गया है। कड़े प्रशिक्षण के बाद चुने गए छात्र पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के लिए राजदूत के रूप में काम करेंगे।



### नीट फर्जीवाड़ा, गृहमंत्री का पुतला दहन



**रायपुर।** नीट में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूअई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन घड़ी चौक में किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा, जल्द ही इस पर सरकार की ओर से कोई निर्णय नहीं हुआ तो वे अभ्यर्थियों के साथ राजभवन तक पैदल मार्च करेंगे। एक ही परीक्षा केंद्र से कई बच्चों को 720 में से 720 अंक मिले हैं। यदि किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है तो सरकार को सीबीआई जांच करवानी चाहिए। प्रदर्शन में मेहताब हुसैन, विशाल कुकरेजा, कुणाल दुबे, हरिमोम तिवारी, वैभव मुजेवार सहित अन्य शामिल रहे।

### आर्डर लेकर सप्लाई नहीं 43 लाख की धोखाधड़ी

**रायपुर।** कच्चे लोहे का आर्डर लेकर माल सप्लाई नहीं करने वाले के खिलाफ मोवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थी किशोर राजदेव मोवा में राजदेव अलायंस प्रा. लिमिटेड का संचालन करता है। बताया जाता है कि कथित आरोपी संजय सिंह ने मोबाइल के माध्यम से प्रार्थी की पत्नी से 130 एमटी लोहे का सौदा किया और रकम प्राप्त कर माल की सप्लाई नहीं की। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 भादवि का अपराध दर्ज किया गया है।

### यादव ठेठवार समाज का वार्षिक महाधिवेशन आज

**रायपुर।** यादव (ठेठवार) समाज रायपुर राज द्वारा राज मुख्यालय भवन महादेवघाट रायपुरा में वार्षिक महाधिवेशन का आयोजन 16 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा । कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे, अध्यक्षता संतोष यदु , अध्यक्ष यादव (ठेठवार) समाज रायपुर राज करेंगे। वहीं द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम में लोकार्पण, भूमिपूजन एवं समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह भी होगा। इस अवसर पर रायपुर राज के राज ठेठवार श्रीकांत यदु, मुख्य पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों समेत रायपुर राज के अंतर्गत आने वाले 17 पार के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी समाज के महासचिव मनीराम यादव ने दी।

पेज 11 के शेष...

### 18 से खुलेंगे...

को समस्त विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन करने की सहमति दी। इसके साथ ही विद्यालय खुलने के पूर्व विद्यालय की साफ-सफाई मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत मध्यान भोजन कक्ष की साफ-सफाई तथा चावल की सही गुणवत्ता एवं मीनू के अनुसार से मध्याह्न भोजन का संचालन के साथ-साथ पीने के पानी की उपलब्धता तथा कक्षा कक्ष की सफाई के बारे में विस्तार पूर्वक प्रधान पाठक को अवगत कराया गया।

### विधानसभा में घोषणा...

रही और इसमें एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही करने का भरोसा भी दिया गया । गौरतलब है कि,पिछली सरकार में जुलाई 2023 को अनुपूरक बजट सत्र में मुख्यमंत्री ने संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी उसमें से कई विभागों में को प्राप्त हो चुका है जबकि उपरोक्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को आज 11 माह बीत जाने के बाद भी इंतज़ार करना पड़ रहा है। इस अवसर पर डॉ अमित,कौशलेश तिवारी ,डॉ रविशंकर दीक्षित बलौदाबाजार ,पूरन दास जिला अध्यक्ष बेमेतरा, डॉ गौरव तिवारी रायपुर उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### तोड़फोड़-आगजनी के दोषियों पर हो कार्रवाई

**रायपुर।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज के कार्यकारी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र ने गिरौदपुरी धाम में हुई घटना तथा बलौदाबाजार में आगजनी के संबंध में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। श्री त्रिवेंद्र ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पूजनीय जैतखंब में तोड़फोड़ की घटना निंदनीय है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। वहीं शांतिपूर्ण तरीके से सतनामी समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने मौके का फायदा उठाते हुए बलौदाबाजार में शासकीय कार्यालय में आगजनी एवं तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद बड़ी संख्या में समाजजनों पर कार्रवाई की जा रही है। वास्तविक आरोपियों की तलाश कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पर्यावरण बचाने हनुमान चालीसा पाठ 24 को

**रायपुर।** पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए, संबंधित विभाग के अधिकारियों को जगाने पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय टाटीबंद के सामने मजदूर सेवा समिति द्वारा 24 जून को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस संबंध में अजय चकोले ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि मजदूर सेवा समिति को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उरला, सिलतरा, बिरगांव, बोरझरा क्षेत्र में कारखानों, फैक्ट्रियों द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग को जगाने के लिए समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ करने का निर्णय लिया गया है। पर्यावरण दिवस के मौके पर मजदूर सेवा समिति ने औद्योगिक क्षेत्र उरला में शिविर लगाकर हजारों पौधे निशुल्क वितरित किए।

### सवा पांच लाख के जेवर जब्त, नाबालिग गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सवा पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। पुलिस ने चोरी के आरोप में जिस नाबालिग को गिरफ्तार किया है, वह पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। बृजेश चौधरी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। बृजेश ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित 4 जून को अंबिकापुर गया था। वहां से 10 जून को वापस लौटने के बाद उसे अपने घर में चोरी होने की जानकारी मिली।

### अरविंद बने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को लोधी रोड दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, चेयरमैन शशिकांत शर्मा, वाइस चेयरमैन सुखबीर शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। चेयरमैन श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा को स्मृति चिन्ह एवं नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### मूर्तिकार अशोक को सुरुज बाई खांडे सम्मान



**रायपुर।** अंचल के मूर्तिकार अशोक देवांगन को इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय भरथरी गायिका सुरूज बाई खांडे सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पद्मश्री उषा बारले एवं पद्मश्री अजय मंडावी ने प्रदान किया। श्री देवांगन लोहे के कबाड़ से बड़ी से बड़ी कलाकृतियां बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं। इस उपलब्धि पर कला जगत के विभिन्न कलाकारों डीएस विद्यार्थी, अंकुश देवांगन, मोहन बराल, मनीष आदि ने हर्ष जताया है।

# लॉ छात्रों को बांट दिए गलत प्रश्नपत्र, प्रबंधन ने कहा-लिखकर दें हम परीक्षा नहीं देंगे

## हंगामे के बाद परीक्षा निरस्त, शुक्रवार सुबह से रविवि में होता रहा बीएएलएलबी छात्रों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मूल्यांकन से लेकर जल्द परिणाम जारी किए जाने तक, कई तरह के वादे करने वाले रविवि की परीक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत शुक्रवार सुबह प्रथम पाली में बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं थी। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार, राजनीति विज्ञान तृतीय प्रश्नपत्र की परीक्षा शुक्रवार को थी। इसके स्थान पर रविवि ने राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र के पर्चे बांट दिए। जब छात्रों ने प्रश्नपत्र देखे को उनके होश उड़ गए। इसके बाद सभी छात्रों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। परीक्षा कक्ष छोड़कर छात्रों ने विवि का प्रशासनिक भवन घेर लिया। इसके बाद रविवि ने परीक्षा निरस्त कर दी। विवि प्रबंधन द्वारा 10 जुलाई के बाद परीक्षाएं आयोजित किए जाने की बात कही गई है। शेष विषयों की परीक्षाएं होने के बाद रविवि निरस्त हो चुके विषय की परीक्षा लेगा। निश्चित तिथि रविवि द्वारा नहीं बताई गई है। दोबारा परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधित आश्वासन के पश्चात छात्रों का हंगामा समाप्त हुआ।

**बड़ी लापरवाही**

राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा एक जुलाई को होनी थी। परीक्षा से पूर्व ही प्रश्नपत्रों के इस वितरण से कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। विवि द्वारा अभी तक इस पर कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने के बाद लगभग एक घंटे तक छात्रों को बैठाए रखा गया, तत्पश्चात उन्हें परीक्षा निरस्त होने की जानकारी दी गई।



**तिथि निर्धारण जल्द**

परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए नई तिथि का निर्धारण जल्द किया जाएगा। छात्रहित हमारे लिए सर्वोपरी है।
-प्रो.राजीव चौधरी, जनसंपर्क प्रभारी, रविवि

**छात्रों का आवेदन लिखने से इनकार**

*परीक्षा दिलाने आए बीएएलएलबी छात्रों का कहना है कि गलत प्रश्नपत्र थमा दिए जाने के बाद जब छात्रों द्वारा विरोध किया गया तो विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कहा गया कि वे आवेदन लिखकर दें कि वे आज परीक्षा नहीं दिलाना चाहते हैं। इसका भी छात्रों द्वारा विरोध किया गया और किसी तरह के आवेदन लिखे जाने से विद्यार्थियों द्वारा इनकार कर दिया गया। मामले को बढ़ता देखकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। छात्रों को समझाइश देकर बगैर परीक्षा दिलाए भेजा गया।*

## ट्रेन रद्द होने से बसों के जरिए रायपुर पहुंच रहा है व्यापारियों का सामान

# ट्रेनें रद्द, अब 'बस' बनी मालवाहक भोपाल-नागपुर से पहुंच रहा सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून सीजन से पहले ट्रेनों के लगातार रद्द होने से शहर के व्यापारियों का सामान महानगरों से समय पर रायपुर नहीं पहुंच रहा है। 13 जुलाई तक 100 ट्रेन विभिन्न रूट में रद्द हैं। ऐसे में अब व्यापारियों ने बसों को ही माल वाहक बना लिया है। दिल्ली, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद समेत अन्य महानगरों की बसों में बड़ी संख्या में व्यापारियों का सामान पहुंचने लगा है। आलम यह है कि बसों में यात्रियों के साथ अब लगेज भी ओवरलोड होने लगा है। जून में लगातार ट्रेनों के रद्द होने से दूसरे राज्यों से सामान आने में समय लग रहा है। सुबह और रात के समय रायपुर पहुंच रही बसों की छत पर भारी सामान देखने को मिल रहा है। बस संचालकों का भी कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने पर कपड़े, जूते और स्टेशनरी के साथ फैंसी चीजों के व्यापारी बसों के जरिए सामान भिजवा रहे हैं।

**खास बातें**

- बसों में अब यात्रियों साथ लगेज भी हुआ ओवरलोड
- नियमों की अनदेखी कर बसों की छत पर ढो रहे सामान, दुर्घटनाओं से नहीं लिया सबक




**अंबिकापुर और दंतेवाड़ा रूट पर ओवरलोड अधिक**

*बसस्टैंड से अंबिकापुर और राजिम, महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे अधिक बसें चलती हैं। अंबिकापुर जाने के लिए देर रात तक लग्जरी बसों के साथ सामान्य बसें चल रही हैं। दोनों रूट पर चलने वाली बसों में ओवरलोड लगेज जमकर ढोया जा रहा है। दंतेवाड़ा रूट पर भी 3 से 5 फीट तक बसों की छतों पर सामान भरा जा रहा है। बसों की छतों पर ओवरलोड लगेज लाने और ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस व आरटीओ की है, लेकिन शहर के भीतर से गुजरने वाली और नया बसस्टैंड से प्रतिदिन दूसरे राज्यों और जिलों के लिए रवाना होने वाली बसों की जांच नहीं होने से बस संचालकों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।*

**बसों की छत पर 5 फीट तक लगेज**

*शहर में परिवहन के नियमों को ताक पर रखकर बस संचालक यात्रियों के साथ भारी लगेज भी ढो रहे हैं। इससे हर समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बसों में यात्री से ज्यादा अब व्यापारियों का सामान चढ़ाया जा रहा है। भाठागांव बसस्टैंड से यूपी, बिहार, भोपाल, नागपुर, झारखंड समेत कई राज्यों के लिए बसें चलती हैं। इनमें खासकर यूपी और झारखंड जाने वाली बसों के साथ अंबिकापुर, राजिम और महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे ज्यादा लगेज ढोए जा रहे हैं। दूसरी ओर कई बसों की छत पर 3 से 5 फीट तक सामान रखा जा रहा है। मानसून को लेकर व्यापारियों का लगेज सामान ट्रेन रद्द के बाद से बढ़ा है। यह यात्रियों की परेशानी के साथ हादसे की वजह भी बन रहा है। बसों की छत पर लगेज लादने और उतारते समय यात्रियों को भी खासी परेशानी हो रही है, लेकिन गंतव्य तक जाने की मजबूरी में कुछ कह नहीं पाते।*

# रेत घाट मौत मामले में तीन गिरफ्तार, तीन की पतासाजी

## जेसीबी मशीन से दबकर युवक की हुई थी मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन करने के दौरान मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, घटना में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। घटना तीन दिन पुरानी है। पुलिस को रेत घाट में अज्ञात युवक की लाश मिली थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। इसके बाद मौत के कारणों का पता लगाने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उल्लेखनीय है कि रेत घाट में अवैध उत्खनन करने के दौरान युवक की मौत मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पारागांव रेत खदान में रेत उत्खनन करने के दौरान जेसीबी मशीन से दबकर अभनपुर निवासी राजेश यादव की मौत हुई थी। पुलिस ने राजेश की मौत मामले में अभनपुर निवासी जयवर्धन बघेल, बेमेतरा निवासी निलेश सिंह राजपूत तथा दुर्ग निवासी विमलेश द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा घटना में शामिल फरार आरोपी मुकेश ढीढी, अंकित तिवारी तथा अज्जू उर्फ जबाहिर कर्ष की पतासाजी कर रही है। पुलिस के अनुसार जेसीबी मशीन में दबने से राजेश की दिल की धड़कन रुकने से मौत हुई है। पुलिस ने खनिज अधिकारी द्वारा लिखे पत्र के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सिख ड्राइवर का अपमान दो आरक्षक निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस में सो रहे एक सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर तथा बाल खींचकर मारने के आरोप में एसएसपी संतोष सिंह ने दो आरक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर मारने की घटना के विरोध में सिख समाज के साथ ड्राइवर एसोसिएशन ने एसएसपी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर एसएसपी ने आरक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। घटना आठ-नौ जून दरमियानी रात की है। बस ड्राइवर बहादुर सिंह की पगड़ी उतारने तथा मारपीट करने के आरोप में एसएसपी ने आरक्षक चंद्रभान भदोरिया, सुरजीत सिंह सेंगर को निलंबित किया है। बस ड्राइवर के मुताबिक घटना दिनांक को वह बस के अंदर सो रहा था, इस दौरान दोनों आरक्षक उसके पास पहुंचे और उससे वहां रहने का कारण पूछा। तब बहादुर ने आरक्षकों को बताया कि वह महेंद्रा ट्रैवल्स का ड्राइवर है और वह बस में ही सोता है। इस पर आरक्षकों ने बहादुर से गाली-गलौज करने के साथ बदसलूकी की। गाली-गलौज करने का विरोध करने पर मौके पर आरक्षकों ने बहादुर की पगड़ी खोलकर मौके पर ही मारपीट कर थाना ले आए और वहां उसकी पट्टे से पिटाई करते हुए प्रतिबंधित धारा लगाकर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

- घटना टिकरापारा इंटर स्टेट बस टर्मिनल की

# मानसून से पूर्व नाले-नालियों की शत प्रतिशत करें सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के दिनों में शहर में अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। ज्यादातर जलभराव नाली-नालों की सफाई नहीं होने तथा पानी निकासी के रास्ते बंद होने के कारण होता है। बारिश के दिनों में ऐसी कहीं स्थिति निर्मित नहीं हो, इसके लिए नगर निगम नाली-नालों की सफाई का अभियान चला रहा है, साथ ही जलभराव जैसे हालातों से निपटने के लिए सभी जोन कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम भी बनाई गई है। महापौर एजाज ढेबर ने शुक्रवार को सभी नाली-नालों की सफाई और जलभराव से निपटने की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नाली-नालों की सफाई नहीं है, वहां बारिश से पूर्व सफाई करा लें तथा जलभराव से निपटने के लिए टीम को भी तैयार रखें। महापौर ने निगम मुख्यालय में सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बैठक में मानसून के दौरान सुगम निकास प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली एवं इसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ने महापौर को जानकारी दी कि अब तक नाले-नालियों की 2 चरणों में सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं तीसरे चरण का काम जारी है।

- जलभराव से निपटने तैयार रखें टीम

# नहीं हो रही बारिश, सरगुजा समेत रायपुर में ग्रीष्मलहर के हालात

## मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून की गति धीमी और बारिश नहीं होने की वजह से सरगुजा और रायपुर संभाग में ग्रीष्मलहर के हालात बन गए हैं। दिन और रात का तापमान सामान्य से छह डिग्री तक अधिक होने की वजह से यहां तेज गर्मी पड़ रही है। मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्द सक्रिय होने के आसार नहीं हैं। राज्य में अभी नमी की मात्रा पचास फीसदी तक सीमित है और क हीं - क हीं बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी राज्य में व्यापक रूप से बारिश की स्थिति नहीं बन पाई है। तापमान बढ़ने पर शाम होते ही अलग-अलग स्थानों पर अंधड़ के साथ वर्षा हो रही है। शुक्रवार की शाम जशपुर और राजनांदगांव में इस तरह के हालात बने। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जब तापमान चालीस डिग्री से अधिक और पारा सामान्य से पांच से छह डिग्री तक अधिक होता है, तो उस इलाके में ग्रीष्मलहर के हालात बन जाते हैं। दोनों परिस्थिति सरगुजा और रायपुर में बनी हुई है। शुक्रवार को रायपुर का पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री अधिक था। वातावरण में केवल पचास प्रतिशत नमी होने की वजह से धूप का प्रभाव काफी विचलित करने वाला था। सुकमा के बाद बीजापुर तक पहुंचे मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय होने के लिए कुछ और वक्त लगने की संभावना है। पिछली बार की तरह पूरे प्रदेश में इसके 23 जून के बाद ही असर दिखाने के आसार बन रहे हैं।

- मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश
- दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा, नमी 50 फीसदी



जून में तापमान के तेवर

| शहर | अधिकतम | अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 40.0 | +5.7 |
| माना | 40.3 | +4.8 |
| बिलासपुर | 37.2 | -2.6 |
| पेंड्रा | 39.8 | +5.6 |
| अंबिकापुर | 41.0 | +6.6 |
| दुर्ग | 40.6 | +3.3 |

**तापमान में गिरावट के आसार**

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य के ज्यादातर स्तर पर गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। कहीं-कहीं ही तेज बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में घरघोड़ा में चार, सराईपाली में तीन और बसना में एक सेमी. वर्षा हुई है। वहीं कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनी हुई है। अगले चौबीस घंटे में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## जुलाई अंत तक होंगे महाविद्यालयों में दाखिले

# 48 घंटे बाद शुरू होगी अर्जी, पहली मेरिट लिस्ट 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश संबंधित प्रक्रियाओं के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन 17 जून से प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार भी आवेदन केंद्रीकृत ही होगा, अर्थात सभी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन रविवि के पोर्टल में जाकर ही किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के पोर्टल में आवेदन करने के दौरान छात्रों को पांच विकल्प का चयन करना होगा। अपनी प्राथमिकता के आधार पर छात्र पांच महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे। छात्रों द्वारा जिन पांच कॉलेजों का चयन किया गया है, उन महाविद्यालयों को छात्रों के नाम भेजे जाएंगे। महाविद्यालय द्वारा रविवि से प्राप्त छात्रों की सूची के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। छात्रों का चयन पिछली कक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। इसके बाद छात्रों को निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा। इसी तरह दूसरे और तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, महाविद्यालयों में दाखिले जुलाई अंत होंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए शैक्षणिक कलैंडर के अनुसार, जुलाई अंत तक प्रवेश के बाद 14 अगस्त तक कुलपति की विशेष अनुमति से प्रवेश दिए जा सकेंगे।



**31 जुलाई के बाद खोल दी जाएंगी सीटें**

*रविवि द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, 31 जुलाई को रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। रिक्त सीटों को महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार अपने स्तर पर पूर्ण करेंगे। इसके साथ ही रविवि द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि विवि की लिखित अनुमति लिए बगैर कोई भी महाविद्यालय ऑफलाइन प्रवेश प्रदान नहीं करेंगे। गौरतलब है कि इस सत्र से महाविद्यालयों में चार वर्षीय सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली आधारित स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।*

### ई-वे बिल प्रावधानों का पालन अनिवार्य

**रायपुर।** जीएसटी राज्य कर विभाग ने सिविल लाइंस स्थित संभागीय कार्यालय में महात्मा गांधी मीटिंग हॉल में ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उनकी सुविधा के लिए ई-वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि 24 मई 2024 को शासन की उस अधिसूचना को विखंडित कर दिया गया है, जिसमें ई-वे बिलों में छूट दी गई थी।



**खबर संक्षेप**

## धड़ल्ले से चल रहा सट्टे का कारोबार

**धमधा।** धमधा क्षेत्र के गांव मे सट्टा का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। पुलिस प्रशासन से लंबी सेटिंग के कारण इनके कार्य में कोई बाधा नही आती। सरकार किसी की भी हो इनसे इन सट्टा खाईवाल को कोई दिक्कत नहीं रहती। क्योंकि इन खाईवालों में दोनों बडे दलों के लोग मिलकर इस अवैध कार्य को अंजाम देते हैं। अभी आईपीएल सट्टा मे खाईवाल करोड़ों रूपये कमाई करके शांत हो गये थे। लेकिन टी 20 विश्व कप चालू होने के बाद से ये सट्टा खाईवाल फिर सक्रिय होकर अपना कार्य खुलेआम कर रहे हैं। इस कार्य के लिए बकायदा कोड बनाया गया है और इस कार्य के लिए पुरूष के साथ एक महिला भी जुड़ी है। लोग तो यहां तक बताते हैं कि वो महिला किसी राजनैतिक दल से जुड़ी हुई हैं जिसका फायदा उठाकर वो यह कार्य लंबे समय से कर रही है। एक एक बाल में खेल खेला जा रहा है और पुलिस विभाग आंख मुंदे बैठा हुआ है। सट्टा खाईवाल हर रोज लाखों रुपये की अवैध कमाई कर रहा है। वहीं खेलने वाले कंगाल हो रहे हैं। धमधा नगरवासी सहित अनेकों लोग शिकायत करते करते थक गये हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से लोगों का मनोबल टूट गया है।

**निधन**

## सेवक राम चन्द्राकर



**अंडा।** बिम्लेश्वरी कालोनी वार्ड क्रमांक 52 बोरसी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सेवकराम चन्द्राकर का 15 जून को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। वे ऋषिराज चन्द्राकर के पिता व नयन चन्द्राकर के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

**पर्व : महेश नवमी पर हुए कई कार्यक्रम, शनिवार को निकाली गई शोभायात्रा**

# माहेश्वरी समाज ने नगर की 36 बुजुर्ग माताओं का किया सम्मान और लिया उनका आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

माहेश्वरी समाज ने शनिवार को अपना 5157वां उत्पत्ति दिवस मनाया। माहेश्वरी समाज द्वारा अपने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के एक दिन पूर्व से ही पूजन आयोजन का क्रम प्रारंभ हो गया था। जिसका समापन शनिवार की संध्या शोभायात्रा के साथ हुई। बालोद माहेश्वरी समाज ने इस वर्ष महेश नवमी को माँ को समर्पित कर दिया। नगर की 65 वर्ष से अधिक उम्र की मां का सम्मान किया गया। वहीं, स्मृति शेष रह गए माँ का वृत्तचित्र के माध्यम से स्मरण कर नमन किया। इस अवसर नगर की 36 मां का सम्मान समाज ने किया। नगर के माहेश्वरी समाज की मां का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लेकर माहेश्वरी समाज प्रफुल्लित था। उत्साह उमंग एवं श्रद्धाभाव से सभी ने मां का स्वागत सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा थे, अध्यक्षता बालोद माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष स्वरूप राठी ने की। विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक युवा संगठन कोषाध्यक्ष आयुश टावरी, छ.ग माहेश्वरी महिला मण्डल उपाध्यक्ष संगीता टुवानी, प्रादेशिक सभा कार्यकारणी सदस्य शैलेन्द्र माहेश्वरी थे। मंच पर महिला मण्डल अध्यक्ष संगीता टावरी, युवा मण्डल अध्यक्ष यश चांडक अतिथि के साथ मंचासीन थे। सुरेश मुंदड़ा ने कहा कि हम बुजुर्गों का सम्मान समारोह रखते थे, लेकिन बालोद ने हमें प्रेरणा दी कि बुजुर्गों का सम्मान के स्थान पर हम उसे माता-पिता का सम्मान समारोह संबोधित करें। इससे भावनात्मक संबंध जुड़ेंगे। समर्पण के भाव से सम्मान होगा एवं माता-पिता का सम्मान समाज को मिलेगा।

### मां से बड़ा कोई नहीं

बालोद अध्यक्ष स्वरूप राठी ने कहा कि मां शक्ति का प्रतीक है, मां प्यार का सागर है, स्नेह का बंधन है, मां से बड़ा कोई नहीं है। कार्यक्रम में सोहन लाल टावरी, घनश्याम दास जाजू, किशन पंपालिया, अशोक टुवानी, नवरतनलाल टावरी, दिलीप राठी, गोवर्धन लाल चांडक, पुरूशोत्तम टुवानी, घनश्याम सांरडा, महिला मंडल से सुनीता टुवानी, सरोज टुवानी, मीना टुवानी, किरण पंपालिया, ज्योति राठी, ज्योति टावरी, किरण काबरा, सीमा चाण्डक, तारा राठी, छाया राठी, रजनी टुवानी, उषा राठी, ममता टावरी, गौरी टावरी, उमा मंत्री, मीना काबरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



### समाज के वरिष्ठजनों के लिए हो चौपाल का आयोजन

सुरेश मुंदड़ा ने अपने प्रादेशिक अध्यक्षीय कार्यकाल के 17 माह की गतिविधियों को बताते हुए कहा कि हम चौपाल का आयोजन कर वरिष्ठों को एक स्थान पर एकत्रित करें। इससे उनका समय हंसी खुशी व्यतीत होगा। उन्होंने कमजोर परिवार के उत्थान, जरूरतमंद परिवारों, बहनों, छात्रों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों, व्यवसाय वृद्धि के लिए आर्थिक आधार देने जैसी कई अन्य योजनाओं की जानकारी दी। सुरेश मुंदड़ा ने बताया कि प्रादेशिक माहेश्वरी संगठन ने राजधानी स्थित दो चिन्हांकित अस्पतालों के साथ समाज का एमओयू हुआ है। इसके तहत माहेश्वरी समाज का कोई भी व्यक्ति यदि वहां भर्ती होता है, तो चिकित्सा बिल में 10 से 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर के अस्पतालों के साथ भी एमओयू हुआ है।

### बालोद में आवासीय शिविर 26 से

संगीता टुवानी ने कहा कि उत्साह व मन से किया गया कार्य जरूर सफल होता है। संगीता टुवानी ने बताया कि प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन ने 26 से 27 जुलाई तक बालोद में आवासीय शिविर रखा है। इसमे 65 से 75 वर्ष तक की उम्र की महिलाओं को खेल, योगा, अध्यात्म मनोरंजन सहित कई गतिविधियां कराई जाएंगी। आयुष टावरी ने कहा कि प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन ने महेश युवा कोष ट्रस्ट की स्थापना की है। इसके उद्देश्य व संचालन के संबंध में जल्द ही जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी।

# हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से मिली जीत : विजय बघेल

**दुर्ग सांसद विजय बघेल के आगमन पर नवागढ़ चौक में हुआ स्वागत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

भारतीय जनता पार्टी नवागढ़ के नेताओं ने दुर्ग लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल का परिणाम के बाद प्रथम नवागढ़ नगर आगमन पर राजीव गांधी चौक नवागढ़ में बरसते पानी के बीच फूलमालाओं एवं आतिशबाजी के भव्य स्वागत किया। स्वागत पश्चात कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मिठाई खिलाकर भारी बहुमत से जीत शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मिले बंपर लीड को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं और बीजेपी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने आया हूँ। हमारे कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और मोदी जी की योजनाओं के चलते बीजेपी की तीसरी बार सरकार बनी है। सांसद बघेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिले अपार जन समर्थन, स्नेह और आशिर्वाद से ओत-प्रोत होकर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी देवतुल्य जनता-जनार्दन एवं कार्यकर्ताओं का दोनों हाथ जोडक़र अभिनंदन करता हूं। अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नीतियों एवं राष्ट्रहित में किए जा रहे कामों पर विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक विजय के जनता का आभार व्यक्त करते हुए आगे कहा कि भाजपा जो वादे करती हैं, उन्हें पूरा करती है। महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय ने कहा कि निश्चित ही विजय बघेल के दोबारा सांसद बनने के बाद पुनः क्षेत्र की आवाज और समस्याओं को दिल्ली तक पहुचायेंगे। हमे आने वाले हर चुनाव में भाजपा का परचम लहराना है। मण्डल महामंत्री मिंटू बिसेन ने कहा कि विजय भैया संसद में क्षेत्र की मुखर आवाज बनकर जनता जनार्दन के कल्याण में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस दौरान संतोष खुराना, जनपद सदस्य महेश टंडन, मोहन चेलक, पुरषोत्तम साहू, गनपद निषाद, पिंटू साहू, सूरज लहरे, बौवा दाऊसंजय मृचन्डे, द्वारिका, प्रदीप साहू, प्रकाश चतुर्वेदी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भंवरमरा में शिक्षकों को दिया गया जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जोन स्तरीय कक्षा 1 से 3 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों का 12 से 15 जून तक एफएलएन का प्रशिक्षण शनिवार को जोन भंवरमरा में आयोजित किया गया। इस जोन के अंतर्गत संकुल माटरी, भंवरमरा, कमकापार, चिखली, कोड़ेकसा एवं पीपरखार के 39 शिक्षकों का प्रशिक्षण जिला से ट्रेनिंग प्राप्त मास्टर ट्रेनर विजय पटेल एवं राजेंद्र यारदा ने प्रशिक्षण प्रदान दिया। राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों की गुणवत्ता सुधार एवं नई शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





# मचांदुर में मनरेगा मजदूरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम मंचादूर में मनरेगा मजदूर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को तिलक लगाकर, अंग वस्त्र व श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा की परिसंपतियों के निर्माण में मनरेगा श्रमिकों की अहम भूमिका रहती है। गांव में ही सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों को करते हुए रोज़गार प्राप्त किया जा रहा है। तालाब गहरी करण, डबरी, नहर, नाली, धरसा, भूमि समतली करण, आंगनबाड़ी भवन पंचायत भवन निर्माण कार्यों में मनरेगा श्रमिकों द्वारा प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मनरेगा से न सिर्फ मजदूरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है बल्कि उनके जीवन में व्यापक बदलाव भी ला रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के बाद से मजदूरों की दशा और दिशा बदल गई है। मजदूर अब परिवार का पालन पोषण अच्छे ढंग से कर रहा है। जहां पहले मजदूरों को मजदूरी के लिए दर-दर भटकना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि वित्त वर्ष में लक्ष्य से भी अधिक कार्य दिवस मजदूरों को उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा जी महामंत्री सोनू राजपूत सरपंच दिलीप साहू जनपद सदस्य लेखन साहू उपसरपंच गजेन्द्र साहू तकनीकी सहायक नीलू चंद्राकर प्रवीन साहू फलेंद्र राजपूत नवाब खान धनराज साहू, तोरण साहू योगेश पटेल बेसखु राम साहू ललित देवांगन तुकाराम साहू ललित पटेल, रवि गोस्वामी, सुखराम पटेल, बलराम निर्मलकर, मंतराम यादव, गोपाल साहू सांभू साहू ,सचिव धनेन्द्र देवांगन राधा साहू,कुन्ती यदु बेलेश्वरी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।













